01.11.2018 Morning

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 16
Number of Pages in Booklet : 16
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 150
No. of Questions in Booklet : 150

प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या / Question Paper Booklet No. 2717009

**Subject Code : 06**
**विषय / SUBJECT : HINDI**

# ST-81

समय : 2.30 घण्टे
Time : 2.30 Hours

## PAPER-II

अधिकतम अंक : 300
Maximum Marks : 300

**प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के पेपर सील / पॉलिथीन बैग को खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न-पत्र पुस्तिका पर वही प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या अंकित है जो उत्तर पत्रक पर अंकित है । इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । ऐसा न करने पर जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।**

**The candidate should ensure that Question Paper Booklet No. of the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same after opening the Paper Seal / polythene bag. In case they are different, a candidate must obtain another Question Paper. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल **एक** ही उत्तर दीजिए ।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
6. **OMR** उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर ध्यान से केवल **नीले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है । किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा ।
8. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर **5 अंक** कुल प्राप्तांकों में से काटे जा सकते हैं ।

**चेतावनी** : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विविध नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही विभाग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली विभाग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

### INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer **all** questions.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
6. The **OMR** Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **blue** ball point pen only.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. **5 Marks** can be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.

***Warning** : If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted. Department may also debar him/her permanently from all future examinations.*

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

1. इनमें से किस वाक्य में विशेषण की उत्तमावस्था प्रयुक्त हुई है ?
   (1) उसने सुंदर चित्र बनाया ।
   (2) वह मुझसे बड़ा है ।
   (3) वह अच्छी-अच्छी कहानियाँ सुनाता है ।
   (4) हमारी कक्षा में वह सबसे होशियार छात्र है ।

2. निम्नांकित में अकर्मक क्रिया है :
   (1) लिखना (2) पढ़ना
   (3) नाचना (4) देखना

3. किस वाक्य में 'द्विकर्मक क्रिया' प्रयुक्त हुई है ?
   (1) लड़के ने अपने साथी को पुस्तक दी ।
   (2) वह दिन-रात बहुत परिश्रम करता है ।
   (3) उसने एक रोचक कहानी पढ़ी ।
   (4) मैंने दुकान से फल खरीदे ।

4. निम्नांकित में 'प्रेरणार्थक क्रिया' नहीं है :
   (1) हँसाना (2) जगाना
   (3) लिखवाना (4) भूलना

5. निम्नांकित में 'क्रियाविशेषण' नहीं है :
   (1) अनगिनत (2) हाथोंहाथ
   (3) एकाएक (4) चुपचाप

6. किस वाक्य में 'निपात' का प्रयोग नहीं हुआ है ?
   (1) तुम कहाँ तक जा रहे हो ?
   (2) मैं भी साथ चलूँगा ।
   (3) वह तो नहीं चलेगा ।
   (4) वह पढ़ाई कर रहा है ।

7. 'पानी में थोड़ी बर्फ डालकर उसे धीरे-धीरे हिलाओ ताकि वह जल्दी ठंडा हो जाए ।' इस वाक्य में समुच्चयबोधक शब्द है –
   (1) थोड़ी (2) धीरे-धीरे
   (3) ताकि (4) जल्दी

8. निम्नांकित में 'संकेतार्थक' वाक्य है :
   (1) वह कल जयपुर जाएगा ।
   (2) यदि वह कहेगा तो मैं भी जाऊँगा ।
   (3) कक्षा में शोरगुल मत करो ।
   (4) मेरी बात ध्यानपूर्वक सुनो ।

9. 'मोहन के दोस्त सोहन ने परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।' इस वाक्य में 'उद्देश्य का विस्तार' है –
   (1) मोहन के दोस्त
   (2) सोहन ने
   (3) परीक्षा में
   (4) प्रथम स्थान

10. इनमें, समास की दृष्टि से कौन सा विकल्प सुमेलित नहीं है ?
   (1) रातभर – अव्ययीभाव समास
   (2) भूमिगत – तत्पुरुष समास
   (3) चराचर – द्वंद्व समास
   (4) प्रत्यारोप – कर्मधारय समास

11. इनमें से किस सामासिक पद का विग्रह सही नहीं है ?
   (1) उत्तरोत्तर = उत्तर में उत्तर
   (2) नीतिनिपुण = नीति में निपुण
   (3) लघूत्तर = लघु है जो उत्तर
   (4) विवाहेतर = विवाह से इतर

12. इनमें से किस विकल्प में सही संधि नहीं हुई है ?
(1) योगी + ईश = योगेश
(2) षट् + आनन = षडानन
(3) नव + ऊढा = नवोढा
(4) वर्षा + ऋतु = वर्षर्तु

13. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्दों में 'अनु' उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है ?
(1) अनुपयोगी, अनुदात्त
(2) अनुमान, अन्वीक्षण
(3) अनुभव, अन्वेषण
(4) अनुभाव, अनुराग

14. इनमें से किस शब्द में उपसर्ग नहीं है ?
(1) पर्यटन (2) नकटा
(3) संकल्प (4) हमराज़

15. इनमें से किस शब्द में 'य' प्रत्यय का प्रयोग नहीं हुआ है ?
(1) माहात्म्य (2) सौंदर्य
(3) भारतीय (4) आदित्य

16. इनमें से कौन सा शब्द राक्षस का पर्यायवाची नहीं है ?
(1) दनुज (2) मनुजाद
(3) यायावर (4) दानव

17. 'ऋजु' शब्द का पर्यायवाची है –
(1) सीधा (2) भंगुर
(3) वक्र (4) कठोर

18. 'सघन' का विलोम है –
(1) विरल (2) अचल
(3) जटिल (4) गहन

19. किस विकल्प में विलोम-युग्म है ?
(1) आकुल – व्याकुल
(2) कटु – तिक्त
(3) हताश – निराश
(4) सुरति – विरति

20. इनमें से कौन सा शब्द अनेकार्थक शब्द 'पंक' से संबद्ध नहीं है ?
(1) कीचड़ (2) दलदल
(3) पंचक (4) पाप

21. इनमें से किस विकल्प में 'चपल-चपला' शब्द-युग्म का सही अर्थ-भेद है ?
(1) बिजली - चंचल
(2) चंचल - बिजली
(3) बिजली - लक्ष्मी
(4) लक्ष्मी - अधीर

22. 'कुल का नाश करने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा –
(1) कुलांगार (2) कुलकेतु
(3) कुलावतंस (4) कुलंधर

23. निम्नांकित में अशुद्ध शब्द है :
(1) विद्वत्ता (2) जीर्णशीर्ण
(3) प्रतिद्वंद्वी (4) मलयुद्ध

24. इनमें से किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं ?
(1) क्रियान्वयन, गरिष्ट
(2) सिद्धस्त, टिप्पणी
(3) हितैषी, प्रशस्त
(4) उद्दण्ड, सर्वोपरी

**25.** निम्नांकित में शुद्ध शब्द है :
(1) मध्येनजर (2) तंदुरुस्त
(3) बाबजूद (4) सूजबूझ

**26.** निम्नांकित में अशुद्ध वाक्य है :
(1) नौजवान युवकों को आगे आना चाहिए ।
(2) बच्चे छत पर उछलकूद कर रहे हैं ।
(3) शहर भर में अफवाह तेजी से फैल गई ।
(4) उसने मेरी बात ध्यान से सुनी ।

**27.** इनमें से अशुद्ध वाक्य है :
(1) भ्रमर पुष्पों के परागों को चूसता है ।
(2) मुझे बहुत प्यास लगी है ।
(3) महेश अनेक कलाओं में दक्ष है ।
(4) इस नदी का पाट बहुत चौड़ा है ।

**28.** 'अत्यधिक गुस्सा आना' के लिए सही मुहावरा है :
(1) खाल खींचना (2) खून खौलना
(3) ख़ाक में मिलना (4) गाँठ बाँधना

**निर्देश :** प्रश्न सं. **29** से **32** तक के उत्तर निम्नांकित पद्यावतरण के आधार पर दीजिए :

'सारा जीवन नप चुका,' कहे जो वह दासता-प्रचारक है ।
नर के विवेक का शत्रु, मनुज की मेधा का संहारक है ।
जो कहे, सोच मत स्वयं, बात जो कहूँ, मानता चल उसको ।
नर की स्वतंत्रता की मणि का तू कह अराति प्रबल उसको ।
नर के स्वतंत्र चिंतन से जो डरता कदर्य, अविचारी है,
बेड़ियाँ बुद्धि को जो देता, जुल्मी है, अत्याचारी है ।

**29.** 'अराति' शब्द का अर्थ है –
(1) अपराधी (2) संरक्षक
(3) शत्रु (4) लुटेरा

**30.** उक्त पद्यावतरण का केंद्रीय भाव है –
(1) रोजगार की आज़ादी
(2) नैतिक मूल्यों की स्थापना
(3) भ्रष्टाचार-उन्मूलन
(4) सोचने-विचारने की स्वतंत्रता

**31.** दासता का प्रचारक कौन है ?
(1) विकास की संभावनाएँ नकारने वाला
(2) वैमनस्य फैलाने वाला
(3) शोषण करने वाला
(4) स्वार्थ-साधन में लगा हुआ

**32.** स्वतंत्रता की उपमा किससे दी गई है ?
(1) मेधा (2) मणि
(3) अराति (4) कदर्य

**33.** इनमें से कौन सी भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित नहीं है ?
(1) संथाली (2) नेपाली
(3) उर्दू (4) भोजपुरी

**34.** 'अभ्यर्थना' पाठ के अनुसार 'भामाशाह अलंकरण' किसके द्वारा दिया जाता है ?
(1) राजस्थान सरकार द्वारा
(2) छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा
(3) भारत सरकार द्वारा
(4) महाराणा मेवाड़ फाउण्डेशन द्वारा

**35.** 'भोलाराम का जीव' कहानी का व्यंग्य-विषय क्या है ?
(1) दिन-प्रतिदिन बढ़ती महँगाई
(2) गलत नीतियों के कारण सरकारी योजनाओं की विफलता
(3) शासकीय लालफीताशाही, घूसखोरी और क्रूरता
(4) बेरोजगारी जनित अपराधवृत्ति

**36.** 'युवाओं से' निबंध किस शैली में लिखा गया है ?
(1) संबोधन (2) पत्रात्मक
(3) आलंकारिक (4) व्यंग्यात्मक

37. 'तरुवर फल नहिं खात है, सरवर पियहिं न पान ।
कहि रहीम पर काज हित संपति सँचहि सुजान ।।'
इस दोहे में निहित भाव है –
(1) परिग्रह (2) संयम
(3) प्रकृति प्रेम (4) परोपकार

38. माखनलाल चतुर्वेदी की साहित्य अकादमी पुरस्कार से पुरस्कृत रचना है –
(1) हिमकिरीटिनी (2) हिमतरंगिनी
(3) वेणुलो गूँजे धरा (4) मरणज्वार

39. 'दीपदान' एकांकी का केंद्रीय पात्र है
(1) पन्ना (2) उदयसिंह
(3) चंदन (4) बनवीर

40. 'पूजन' काव्यांश श्यामनारायण पांडेय की किस रचना से उद्धृत है ?
(1) जौहर (2) हल्दीघाटी
(3) आरती (4) जय हनुमान

41. 'राजिया रा सोरठा' में 'राजिया' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?
(1) कवि के लिए
(2) कवि के सेवक के लिए
(3) कवि के आश्रयदाता राजा के लिए
(4) लोकदेवता बाबा रामदेव के लिए

42. "और आज / ऊपर-ही-ऊपर तन गए हैं / तुम्हारे तंबू / और आज / छमका रही है पावस रानी / बूँदा-बूँदियों की अपनी पायल /"
इस काव्यांश में 'तंबू' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?
(1) चाँदनी रात के लिए
(2) बगुलों की कतारों के लिए
(3) बादलों के लिए
(4) चारों ओर फैली हरियाली के लिए

43. 'एक अद्भुत अपूर्व स्वप्न' निबंध में किस विषय का वर्णन किया गया है ?
(1) स्वप्नलोक का
(2) सुंदर प्राकृतिक दृश्यों का
(3) अलौकिक घटनाओं का
(4) नाम और यश की लालसा का

44. 'ईदगाह' कहानी का केंद्रीय पात्र है
(1) हामिद (2) अमीना
(3) महमूद (4) मोहसिन

45. 'लोकसंत दादूदयाल' पाठ के अनुसार दादूदयाल ने किस संप्रदाय की स्थापना की ?
(1) दादू पंथ (2) ब्रह्मसमाज
(3) निर्गुण संप्रदाय (4) परब्रह्म संप्रदाय

46. 'पृथ्वीराज की आँखें' एकांकी के संबंध में इनमें से कौन सा कथन असत्य है ?
(1) यह घटना-प्रधान एकांकी है ।
(2) इसमें पृथ्वीराज की वीरता, कुशलता और स्वाभिमान चित्रित हैं ।
(3) इसके संवाद पात्रों की मनोदशा को भली-भाँति प्रकट करते हैं ।
(4) इसमें संकलन-त्रय के नियम का निर्वहन हुआ है ।

47. 'विष पिया, अमृत दिया' निबंध किस चरित्रनायक के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को उद्घाटित करता है ?
(1) महात्मा गाँधी
(2) महाराणा प्रताप
(3) ठा. केसरीसिंह बारहठ
(4) डॉ. भीमराव अंबेडकर

48. 'द्रुत झरो जगत के जीर्णपत्र' काव्यपंक्ति में 'जीर्णपत्र' से क्या अभिप्राय है ?
(1) पीले पड़ गए पत्ते
(2) सड़ी–गली परंपराएँ
(3) अशक्त और वृद्ध व्यक्ति
(4) शाश्वत जीवनमूल्य

49. मीरा–काव्य से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है ?
(1) इसमें माधुर्य भाव की प्रधानता है ।
(2) यह स्वानुभूति और आत्मनिवेदन से परिपूर्ण है ।
(3) इसमें संयोग श्रृंगार का विशद वर्णन है ।
(4) इसमें श्रुतिमधुर वर्णयोजना है ।

50. 'कनक कनक तैं सौ गुनी, मादकता अधिकाइ ।
उहिं खाएँ बौराइ जग, इहिं पाएँ बौराइ ।।'
उक्त दोहे का अभिप्रेत अर्थ है –
(1) धतूरे में बहुत नशा होता है ।
(2) धतूरा खाने से आदमी बावला हो जाता है ।
(3) सोना छूने से आदमी बावला हो जाता है ।
(4) धन–दौलत पाने मात्र से आदमी बावला हो जाता है ।

51. बावजी चतुरसिंहजी का संबंध किस राजपरिवार से है ?
(1) जोधपुर (2) बीकानेर
(3) जयपुर (4) मेवाड़

52. सुमित्रानन्दन पंत ने 'संध्या' की तुलना किससे की है ?
(1) लालिमा से (2) सुंदर नारी से
(3) सुंदर पुरुष से (4) पग–ध्वनि से

53. 'पुरस्कार' कहानी की नायिका ने पुरस्कार स्वरूप राजा से क्या माँगा ?
(1) प्राण–दंड
(2) राजकुमार के लिए क्षमादान
(3) प्रचुर धनराशि
(4) अपने पूर्वजों की भूमि

54. 'बड़े घर की बेटी' कहानी में परिवार–विघटन को बचाने वाला है –
(1) बेनीमाधव सिंह (2) आनंदी
(3) श्रीकंठ (4) लालबिहारी

55. 'एटम बम' कहानी के रचनाकार हैं –
(1) जैनेंद्र कुमार
(2) अज्ञेय
(3) पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र'
(4) अमृतलाल नागर

56. 'धरती धोरां री' कविता में राजस्थान की धरती की तुलना किससे की गई है ?
(1) सूरज (2) आकाश
(3) स्वर्ग (4) रणक्षेत्र

57. दुष्यंत कुमार के ग़ज़ल संग्रह का क्या नाम है ?
(1) साये में धूप (2) आवाज के घेरे
(3) मसीहा मर गया (4) छोटे–छोटे सवाल

58. 'ताहि अहीर की छोहरियाँ, छछिया भर छाछ पे नाच नचावे ।' अर्थात् कृष्ण गोपियों के इशारे पर नाचते हैं । इसका कारण है –
(1) दही–मक्खन का लालच
(2) गोपियों के साथ खेलने की इच्छा
(3) बाल स्वभाव का भोलापन
(4) गोपियों का निश्छल प्रेम

59. 'अग्नि की उड़ान' किस गद्य-विधा की रचना है ?
(1) निबंध (2) आत्मकथा
(3) कहानी (4) जीवनी

60. 'हार की जीत' किस प्रकार की कहानी है ?
(1) आंचलिक
(2) यथार्थवादी
(3) आदर्शवादी
(4) आदर्शोन्मुख यथार्थवादी

61. 'मित्रता' पाठ के आधार पर बताइए कि व्यक्ति जीवन में मित्रता की धुन कब सवार होती है ?
(1) बचपन में (2) यात्रा के समय
(3) छात्रावस्था में (4) वृद्धावस्था में

62. 'निर्वासित' कहानी के रचयिता हैं –
(1) सूर्यबाला
(2) विजयदान देथा
(3) चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी'
(4) सुदर्शन

63. 'भोर का तारा' एकांकी का कथानक किसके शासन से संबंधित है ?
(1) चंद्रगुप्त-प्रथम (2) समुद्रगुप्त
(3) कुमारगुप्त (4) स्कंदगुप्त

64. जनवरी 1941 में सुभाषचंद्र बोस किस छद्मवेश में देश छोड़कर अफ़गानिस्तान के रास्ते बर्लिन पहुँचे ?
(1) संन्यासी (2) मौलवी
(3) पादरी (4) बौद्ध भिक्षु

65. 'पेशोला की प्रतिध्वनि' में वर्णित झील किस शहर में है ?
(1) बनारस (2) जयपुर
(3) उदयपुर (4) इलाहाबाद

66. 'तीस कोटि संतान नग्न तन, अर्ध क्षुधित, शोषित निरस्त्र जन ।' यह पंक्ति किस कविता से ली गई है ?
(1) भारत माता – (पंत)
(2) विडम्बना – (नरेश मेहता)
(3) भारत की श्रेष्ठता – (मैथिलीशरण गुप्त)
(4) कुरुक्षेत्र – (दिनकर)

67. पंत कृत 'भारत माता' कविता में भारत भूमि के लिए इनमें से कौन सा विशेषण प्रयुक्त नहीं हुआ है ?
(1) सतत विलासिनी (2) ग्रामवासिनी
(3) शरदेंदु हासिनी (4) गीता प्रकाशिनी

68. 'किरन धेनुएँ' कविता के अनुसार किरण रूपी गायों का समूह क्या चरता है ?
(1) आम्रमंजरी (2) अंधकार
(3) प्रकाश (4) दूर्वादल

69. बाबू गुलाबराय के अनुसार भारतीय संस्कृति का अंग नहीं है –
(1) भौतिकवादी विचारधारा
(2) आध्यात्मिकता
(3) समन्वयवादी बुद्धि
(4) वर्णाश्रम विभाग

70. द्विवेदी जी ने शिरीष-पुष्प के माध्यम से किस दार्शनिक सत्य को अभिव्यक्त किया है ?
(1) संसार की असारता
(2) संसार की परिवर्तनशीलता
(3) चराचर जगत की क्षणभंगुरता
(4) ईश्वर की सर्वव्यापकता

71. श्रीधर पराड़कर के अनुसार भारत के महाशक्ति बनने के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा क्या है ?
(1) क्षमता का अभाव
(2) योग्यता की कमी
(3) दृढ़ इच्छाशक्ति का अभाव
(4) आवश्यक संसाधनों की कमी

72. 'गाय करुणा की कविता है ।' 'गौरा' पाठ के अनुसार यह कथन किसका है ?
(1) महादेवी वर्मा (2) स्वामी विवेकानंद
(3) दयानंद सरस्वती (4) महात्मा गाँधी

73. 'मानस का हंस' नामक उपन्यास किसके जीवन पर आधारित है ?
(1) गोस्वामी तुलसीदास
(2) अमृतलाल नागर
(3) महर्षि वाल्मीकि
(4) मर्यादा पुरुषोत्तम राम

74. 'इंद्र जिम जंभ पर बाड़व ज्यों अंभ पर' काव्य-पंक्ति के रचनाकार हैं –
(1) देव (2) सेनापति
(3) भूषण (4) तुलसीदास

75. 'आत्मपरिचय' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है ?
(1) परिश्रमपूर्वक धन अर्जित करने का
(2) सुख–दुख दोनों में मस्त रहने का
(3) अधिकाधिक ज्ञान अर्जित करने का
(4) गुरुजनों का स्तुतिगान करने का

76. 'मेरा नया बचपन' कविता की रचना किसने की है ?
(1) शमशेरबहादुर सिंह
(2) हरिवंशराय बच्चन
(3) कुँवर नारायण
(4) सुभद्राकुमारी चौहान

77. जैनेंद्र कृत 'बाजार दर्शन' में किस बात पर बल दिया गया है ?
(1) क्रेता–विक्रेता के मधुर संबंधों पर
(2) लूट–खसोट की प्रवृत्ति रोकने पर
(3) कम मूल्य पर अधिक लाभ अर्जित करने पर
(4) आवश्यकतानुसार ही वस्तुएँ खरीदने पर

78. शिष्टाचार, सभ्यता व तहज़ीब के नाम पर फैल रहे आडम्बर, खोखलेपन और दिखावटीपन को व्यक्त करने वाली रचना इनमें से कौन सी है ?
(1) तौलिये (2) भय
(3) मैं और मैं (4) ममता

79. लक्षणा शब्द–शक्ति के संबंध में कौन सा कथन सही नहीं है ?
(1) इसमें वाच्यार्थ के बाधित होने पर अन्य अर्थ ग्रहण किया जाता है ।
(2) यह अन्य अर्थ रूढ़ि या प्रयोजन पर आधारित होता है ।
(3) इस अन्य अर्थ (लक्ष्यार्थ) का वाच्यार्थ से कोई संबंध नहीं होता ।
(4) 'रूढ़ि लक्षणा' और 'प्रयोजनवती लक्षणा' इसके मुख्य भेद हैं ।

80. इनमें से किस आचार्य ने रीति को गुण–आधारित माना है ?
(1) वामन (2) भामह
(3) कुंतक (4) दंडी

81. इनमें से कौन सा कथन असत्य है ?
(1) वैदर्भी रीति में समास नहीं होते अथवा अत्यल्प और छोटे होते हैं ।
(2) माधुर्य गुण में टठडढ से बने शब्दों का प्रयोग अधिक होता है ।
(3) जिसके चित्त में उदित होते ही अर्थ स्पष्ट हो जाय उसे प्रसाद गुण कहते हैं ।
(4) ओज गुण का संबंध वीर तथा रौद्र रसों से होता है ।

82. 'राजन् ! देहु तुरंग मोहि, अथवा देहु मतंग ।' इस पंक्ति में कौन सा काव्य दोष है ?
(1) श्रुति कटुत्व (2) क्लिष्टत्व
(3) अक्रमत्व (4) दुष्क्रमत्व

83. "पागल-सी प्रभु के साथ सभा चिल्लाई,
सौ बार धन्य वह एक लाल की माई ।"
उक्त काव्य-पंक्ति में उपमेय है –
(1) पागल (2) एक लाल
(3) सभा (4) माई

84. 'सून भीति पर चित्र, रंग नहिं, तनु बिनु लिखा चितेरे ।' उक्त काव्य-पंक्ति में इनमें से कौन सा अलंकार है ?
(1) असंगति (2) विभावना
(3) विरोधाभास (4) मानवीकरण

85. इनमें से किस विकल्प में अलंकार और तत्संबंधी उदाहरण सुमेलित नहीं हैं ?
(1) श्लेष – जलने को ही स्नेह बना, उठने को ही वाष्प बना ।
(2) रूपक – अम्बर पनघट में डुबो रही, ताराघट ऊषा नागरी ।
(3) भ्रांतिमान – कहहिं सप्रेम एक एक पाहीं । राम-लखन सखि होहिं कि नाहीं ।
(4) उत्प्रेक्षा – फिरत बिपिन नृप देखि बराहू । जनु बन दुरेहु ससिहि ग्रसि राहू ।

86. सोरठा छंद के विषय में इनमें से कौन सा कथन सही नहीं है ?
(1) यह मात्रिक विषम छंद है ।
(2) इसमें 11, 13 पर यति होती है ।
(3) विषम चरणों में तुक मिलती है ।
(4) यह दोहे का उलटा होता है ।

87. इनमें से कौन सा कार्यव्यापार 'कायिक' अनुभाव का द्योतक है ?
(1) पसीना आना
(2) चेहरे का रंग उड़ जाना
(3) रोमांचित होना
(4) कटाक्षपात

88. 'देखि सुदामा की दीन दसा, करुना करके करुनानिधि रोये ।
पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल सों पग धोये ।।'
प्रस्तुत काव्यांश में उद्दीपन विभाव है –
(1) दीन दसा (2) करुनानिधि रोये
(3) पानी परात (4) नैनन के जल सों

89. आदिकाल के नामकरण से संबंधित कौन सा विकल्प सही नहीं है ?
(1) ग्रियर्सन – चारण काल
(2) राहुल सांकृत्यायन – सिद्ध सामंतकाल
(3) हजारीप्रसाद द्विवेदी – आदिकाल
(4) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र – संधिकाल

90. इनमें से कौन सी रचना वीरगाथात्मक है ?
(1) वीसलदेव रासो
(2) कीर्तिलता
(3) विद्यापति पदावली
(4) खुसरो की पहेलियाँ

91. इनमें से कौन सी रचना आदिकाल के जैन साहित्य में सम्मिलित नहीं है ?
(1) वर्ण रत्नाकर
(2) भरतेश्वर बाहुबलि रास
(3) श्रावकाचार
(4) चन्दनबाला रास

92. निर्गुण संत काव्य के संदर्भ में कौन सा कथन सही नहीं है ?
(1) संतों ने समाज कल्याण का मार्ग भी अपनाया ।
(2) संतों की भाषा जन सामान्य की भाषा है ।
(3) संतों की भाषा कृत्रिमता विहीन और सहज है ।
(4) संतों ने साधना में शास्त्रीय ज्ञान को अनिवार्य माना है ।

93. इनमें से किस विकल्प में कृति और कृतिकार सुमेलित नहीं हैं ?
(1) कबीर परचई – रैदास
(2) मृगावती – कुतुबन
(3) विज्ञानगीता – केशवदास
(4) श्यामसगाई – नंददास

94. 'कविकुलकंठाभरण' के रचनाकार हैं
(1) चिंतामणि (2) दूलह
(3) श्रीपति (4) ग्वाल

95. भारतेन्दु द्वारा सम्पादित पत्रिका 'कविवचनसुधा' किस वर्ष में आरंभ हुई ?
(1) 1868 (2) 1873
(3) 1880 (4) 1871

96. इनमें से रचनाकार और रचना की दृष्टि से कौन सा विकल्प सुमेलित नहीं है ?
(1) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' – प्रिय प्रवास
(2) मैथिलीशरण गुप्त – रंग में भंग
(3) नाथूराम शर्मा 'शंकर' – गर्भरण्डा रहस्य
(4) रामनरेश त्रिपाठी – विष्णु प्रिया

97. रचनाकार और रचना से संबंधित कौन सा विकल्प सही नहीं है ?
(1) अलका सरावगी – कलिकथा : वाया बाईपास
(2) कैलाश वाजपेयी – हवा में हस्ताक्षर
(3) मनोहरश्याम जोशी – क्याप
(4) अमरकांत – कितने पाकिस्तान

98. कहानी और कहानीकार से संबंधित कौन सा विकल्प सुमेलित नहीं है ?
(1) तीसरी हथेली – राजी सेठ
(2) खोई हुई दिशाएँ – मोहन राकेश
(3) गदल – रांगेय राघव
(4) पूस की रात – प्रेमचंद

99. इनमें से किस रचना को 2017 ई. का भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया है ?
(1) यामा (2) उर्वशी
(3) जिंदगीनामा (4) चिदंबरा

100. 1800 ई. में कलकत्ता में स्थापित फोर्ट विलियम कॉलेज के 'हिंदुस्तानी' विभागाध्यक्ष नियुक्त हुए थे –
(1) जॉर्ज ग्रियर्सन (2) लल्लूलाल
(3) सदल मिश्र (4) गिलक्राइस्ट

101. इनमें से किस विकल्प की सभी बोलियाँ पश्चिमी हिन्दी की हैं ?
(1) ब्रजभाषा, भोजपुरी
(2) ब्रजभाषा, खड़ीबोली
(3) ब्रजभाषा, मैथिली
(4) ब्रजभाषा, अवधी

**102.** जॉर्ज ग्रियर्सन ने 'खड़ीबोली' का उल्लेख किस नाम से किया है ?

(1) जनपदीय हिंदुस्तानी

(2) वर्नाक्यूलर हिंदुस्तानी

(3) कौरवी

(4) हिंदुस्तानी

**103.** इनमें से कौन सी बोली पूर्वी हिंदी के अन्तर्गत परिगणित है ?

(1) बुंदेली (2) बघेली

(3) कन्नौजी (4) बाँगरू

**104.** 'सगुनहि अगुनहि नहिं कछु भेदा ।,
गावहिं मुनि पुरान बुध बेदा ।'
बालकांड (रामचरितमानस) में यह कथन किसका है ?

(1) शिवजी का (2) याज्ञवल्क्य का

(3) विश्वामित्र का (4) भरद्वाज का

**105.** पूरन ब्रह्म, सकल अविनासी ताके तुम हो ज्ञाता ।
रेख न रूप, जाति कुल नाहीं, जाके नहिं पितु माता ।
ये पंक्तियाँ किसने किससे कहीं ?

(1) कृष्ण ने उद्धव से

(2) उद्धव ने गोपियों से

(3) गोपियों ने उद्धव से

(4) उद्धव ने कृष्ण से

**106.** 'गिरधर म्हारो साँचो प्रीतम, देखत रूप लुभाऊँ ।'
इस पंक्ति में किस भाव की भक्ति व्यक्त हुई है ?

(1) दास्य भाव (2) सख्य भाव

(3) माधुर्य भाव (4) निर्गुण भक्ति

**107.** 'अजौं तर्‍यौना हीं रह्यौ श्रुति सेवत इक-रंग ।
नाक-बास बेसरि लह्यौ बसि मुकुतनु कैं संग ।।'
उक्त दोहे में कवि का अभिप्रेत अर्थ है –

(1) भारतीय आभूषणों का परिचय देना

(2) स्वर्ग-प्राप्ति की कामना

(3) नायिका–सौंदर्य का चित्रण

(4) सत्संग का महत्त्व बताना

**108.** 'वीकम वरसां बीतियां गुण चौ चंद गुणीस ।
विसहर तिथि गुरु जेठ बदि समय पलट्टी सीस ।।'
'वीरसतसई' के उक्त छंद में किस ऐतिहासिक घटना की ओर संकेत किया गया है ?

(1) सन् 1757 ई. में प्लासी के युद्ध में सिराजुद्दौला की पराजय ।

(2) वि.सं. 1914 की सैनिक क्रांति ।

(3) सन् 1858 ई. में ईस्ट इंडिया कंपनी पर ब्रिटिश सरकार का नियंत्रण ।

(4) सन् 1876 ई. में महारानी विक्टोरिया भारत की महारानी घोषित ।

**109.** 'खींचकर उच्छ्वास बोले सिर्फ वे
पार्थ, मैं जाता पितामह पास हूँ ।' – 'कुरुक्षेत्र' में उल्लिखित यह कथन किसका है ?

(1) कृष्ण का (2) युधिष्ठिर का

(3) भीम का (4) अर्जुन का

**110.** 'कामायनी' के संबंध में इनमें से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) इसकी कथा पन्द्रह सर्गों में विभक्त है ।

(2) सर्गों का नामकरण मनोविकारों के नाम पर हुआ है ।

(3) इसमें बुद्धि पक्ष को हृदय पक्ष पर वरीयता दी गई है ।

(4) अंतिम चार सर्गों के दर्शन पर शैवागम का प्रभाव है ।

111. 'कृतकृत्य हुआ मैं तात ! पधारे आप' 'असाध्यवीणा' में यह कथन किसका है ?

(1) प्रियंवद का (2) राजा का
(3) रानी का (4) मंत्री का

112. आचार्य शुक्ल ने 'उत्साह' नामक निबंध में सच्चा उत्साही किसे माना है ?

(1) युद्धवीर को
(2) दानवीर को
(3) धर्मवीर को
(4) कर्म सौंदर्य के उपासक को

113. 'लहरों के राजहंस' के विषय में इनमें से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) जीवन के प्रेय और श्रेय के मध्य चुनाव की यातना इसका केंद्र बिंदु है ।
(2) इसकी कथा का आधार अश्वघोष का सौंदरनंद काव्य है ।
(3) इसकी कथावस्तु तीन अंकों में विभाजित है ।
(4) अंकों को दृश्यों में विभाजित किया गया है ।

114. "तूं तूं करता तूं भया, मुझ में रही न हूँ ।
वारी फेरी वलि गई, जित देखूँ तित तूं ।।"
उक्त साखी के अनुसार आराध्य का नाम जाप करने से भक्त पर इनमें से क्या प्रभाव पड़ा ?

(1) अहं भाव का तिरोभाव
(2) भोग विलास से विरक्ति
(3) संसार की असारता का बोध
(4) जीवमात्र के प्रति करुणा

115. 'जहाँ लक्ष्मी कैद है' कहानी के आधार पर बताइए कि इनमें से कौन सा कथन लक्ष्मी का नहीं है ?

(1) मेरा किसी काम में मन नहीं लगता ।
(2) मैं तुम्हें प्राणों से अधिक प्यार करती हूँ ।
(3) मुझे यहाँ से भगा ले चलो ।
(4) मैं फाँसी लगाकर मर जाऊँगी ।

116. 'मैं पाधा बन गया हूँ । करो जर्मन के बादशाह का तर्पण !' 'उसने कहा था' कहानी में यह कथन किसका है ?

(1) लहनासिंह (2) वजीरासिंह
(3) हजारासिंह (4) बोधासिंह

117. 'एक और जिंदगी' कहानी का मुख्य प्रतिपाद्य है –

(1) शहरी जीवन की भागदौड़
(2) दाम्पत्य संबंधों का विघटन
(3) मृत्यु से साक्षात्कार
(4) आधुनिक जीवन के प्रति बढ़ता आकर्षण

118. 'परिंदे' कहानी के अनुसार लतिका की निराश मन:स्थिति का कारण है –

(1) मेजर गिरीश नेगी की असामयिक मृत्यु
(2) मनपसंद नौकरी न मिलना
(3) लड़कियों का उच्छृंखल व्यवहार
(4) घर से दूर रहना

119. शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को देखा नहीं जा सकता सिर्फ अनुभव किया जा सकता है, जिस विधि में –

(1) अभिक्रमित अनुदेशन विधि
(2) सूत्र विधि
(3) अनुकरण विधि
(4) पर्यवेक्षित निर्देशित अध्ययन विधि

120. न्यूनतम साधनों के माध्यम से सिद्धान्त अथवा तथ्यों के स्पष्टीकरण की विधि है :

(1) प्रदर्शन विधि
(2) वाचन विधि
(3) सैनिक विधि
(4) इनमें से कोई नहीं

121. वह शिक्षण विधि जिसमें वे अध्यापक शिक्षण करें जो विषयगत योग्यता एवं कौशलों की दृष्टि से एक दूसरे के पूरक हो :

(1) भाषा संसर्ग विधि (2) प्रत्यक्ष विधि
(3) दल शिक्षण विधि (4) भ्रमण विधि

122. स्वगति, स्वमूल्यांकन, प्रतिपुष्टि आदि से सम्बन्धित विधि है –

(1) अभिक्रमित अनुदेशन विधि
(2) श्रुतलेखन अभ्यास विधि
(3) निगमन विधि
(4) प्रत्यक्ष विधि

123. विभिन्न विषयों में निहित ज्ञान की एकता को स्पष्ट करने के लिए सहसम्बन्ध आवश्यक है, वह शिक्षण जिस विधि से होगा :

(1) रसास्वादन विधि
(2) प्रदर्शन विधि
(3) समवाय शिक्षण विधि
(4) व्याख्यान विधि

124. व्याकरणिक नियमों को कंठस्थ कराने की अपेक्षा कक्षा–कक्ष में भाषायी वातावरण बनाने पर अधिक बल दिया जाता है :

(1) दल शिक्षण विधि
(2) प्रत्यक्ष विधि
(3) दूरस्थ शिक्षण विधि
(4) इनमें से कोई नहीं

125. श्रुतलेखन अभ्यास विधि का उद्देश्य है –

(1) छात्रों के श्रवण व लेखन में समन्वय करना
(2) शुद्ध वर्तनी सीखने में सहायता करना
(3) लेखन की गति में वृद्धि करना
(4) ये सभी

126. सूक्ष्म–शिक्षण के लिये आवश्यक नहीं है –

(1) प्रत्येक पाठ से पूर्व उद्देश्य तय किये जायें।
(2) अन्तःक्रिया पर बल दिया जाये।
(3) पाठन और मूल्यांकन साथ–साथ चलें।
(4) शिक्षण की समयावधि तय नहीं करें।

127. किसी भी नवीन भाषा को जानने के लिए मातृभाषा आधार का कार्य करती है, इस हेतु जो विधि सहायक है –

(1) शब्द परिवर्तन विधि
(2) गठन विधि
(3) व्याकरण–अनुवाद विधि
(4) इनमें से कोई नहीं

128. निम्नलिखित में से कौन सा पद इकाई योजना के पदों की सही व्याख्या नहीं करता है ?

(1) पूरी इकाई को उपविभागों में बाँटना।
(2) शिक्षण विधियों को निश्चित करना।
(3) आवश्यक नहीं कि सम्पूर्ण पाठ्य सामग्री को एकरूप इकाइयों में संगठित किया जाये।
(4) शिक्षक विद्यार्थी क्रिया प्रत्येक उपविभाग के लिए निश्चित करना।

129. भाषा प्रयोगशाला विधि की उपयोगिता देखी जा सकती है :

(1) अन्य छात्रों के अध्ययन को प्रभावित किये बिना स्वगति से सीखना।
(2) अभ्यास को अधिक बल देने का अवसर प्राप्त होता है।
(3) भाषार्जन के सक्रिय वातावरण निर्माण की अधिक सम्भावना
(4) ये सभी

130. वाक्य रचना व शब्दों के उचित प्रयोग का अभ्यास किया जाता है –

(1) श्रुतलेखन द्वारा

(2) फ्लैश कार्ड द्वारा

(3) अमात्रिक शब्द द्वारा

(4) इनमें से कोई नहीं

131. दृश्य-श्रव्य उपकरणों के सम्बन्ध में कौन सा कथन सत्य नहीं है ?

(1) ये अधिगम प्रक्रिया को सरल बनाने के साधन मात्र हैं ।

(2) शाब्दिकता में कमी करते हैं ।

(3) शिक्षक का स्थान ले लेते हैं ।

(4) उपकरणों के प्रयोग से अधिगम सुगम बनता है ।

132. कक्षा शिक्षण में उच्चारण में एकरूपता लाने में सहायक होगी :

(1) सूत्र विधि

(2) भाषा-शिक्षण यंत्र विधि

(3) व्याख्यान विधि

(4) इनमें से कोई नहीं

133. कार्ड पर लिखे शब्दों का चित्रों के साथ मिलान करने का कार्य किया जाता है, जिस विधि में :

(1) साहचर्य विधि

(2) वाचन विधि

(3) कहानी विधि

(4) ध्वनि साम्य विधि

134. आगमन विधि की विशेषता नहीं है :

(1) मनोवैज्ञानिक विधि है ।

(2) इसमें छात्र अधिक सक्रिय रहते हैं ।

(3) उदाहरण की सहायता से नियम बनाये जाते हैं ।

(4) सामान्य से विशेष की ओर छात्रों की वृत्ति दिखाई पड़ती है ।

135. मौन वाचन के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन असत्य है ?

(1) स्वाध्याय में रुचि बढ़ाना ।

(2) ज्ञान की परिधि को विस्तृत करना ।

(3) सभी स्तर की कक्षाओं के लिए उपयोगी है ।

(4) अवकाश का सदुपयोग करना सिखाता है ।

136. किसी आदर्श लिखावट का जैसा का तैसा अनुकरण करना कहलाता है :

(1) प्रतिलेख

(2) श्रुतिलेख

(3) अनुलेख

(4) इनमें से कोई नहीं

137. किसी विद्यार्थी के उच्चारण दोष होने का कारण इनमें से हो सकता है :

(1) शुद्ध उच्चारण का ज्ञान न होना

(2) प्रयत्न लाघव

(3) शुद्ध उच्चारण का ज्ञान न होना तथा प्रयत्न लाघव दोनों

(4) इनमें से कोई नहीं

138. विद्यार्थी की उपलब्धियों व कमियों का निरन्तर रिकार्ड रखा जाता है :

(1) पाठान्तर्गत मूल्यांकन द्वारा

(2) सतत् मूल्यांकन द्वारा

(3) मौखिक मूल्यांकन द्वारा

(4) इनमें से कोई नहीं

139. इनमें से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) अ कंठ्य ध्वनि है ।

(2) आ दीर्घ स्वर है ।

(3) इ मूल स्वर है ।

(4) ई संयुक्त स्वर है ।

140. निम्नांकित में 'महाप्राण' वर्ण है :

(1) र (2) ल

(3) व (4) स

141. इनमें से किस वर्ण का उच्चारण स्थान अन्य तीन वर्णों के उच्चारण स्थान से भिन्न है ?

(1) त (2) थ

(3) श (4) स

142. इनमें से किस विकल्प में सभी शब्द 'तत्सम' हैं ?

(1) घृत, नवनीत

(2) आम्र, नारियल

(3) गर्दभ, घोड़ा

(4) काग, कोकिल

143. निम्नांकित में तद्भव शब्द है :

(1) रजत (2) विकट

(3) कटक (4) कंगन

144. किस विकल्प में सभी शब्द विदेशी मूल के हैं ?

(1) मकान, दरवाजा

(2) कपड़ा, पतलून

(3) मिठाई, हलवा

(4) स्याही, पुस्तक

145. निम्नलिखित में 'देशज' शब्द है :

(1) लड्डू (2) साड़ी

(3) तेन्दुआ (4) हाँडी

146. निम्नांकित शब्दों पर विचार कीजिए :

अ. भयावह ब. सौंदर्य

स. दर्शनीय द. कल्पना

उपर्युक्त में संज्ञा शब्द हैं –

(1) अ, ब (2) ब, स

(3) स, द (4) ब, द

147. विशेषण से निर्मित भाववाचक संज्ञा है –

(1) भव्यता (2) चालचलन

(3) परिहास (4) बचपन

148. किस वाक्य में मध्यमपुरुष सर्वनाम प्रयुक्त हुआ है ?

(1) मैंने अपना काम कर लिया है ।

(2) आप गाँव से कब आए ?

(3) आपकाज महाकाज ।

(4) वह अपने आप चला जाएगा ।

149. निम्नांकित में विशेषण से बनी भाववाचक संज्ञा है :

(1) लड़कपन (2) दानवता

(3) ममता (4) नवीनता

150. इनमें से कौन सा विशेषण-शब्द संज्ञा से निर्मित नहीं है ?

(1) मानवीय (2) वार्षिक

(3) अधिकाधिक (4) ग्रामीण

रफ कार्य के लिए स्थान